सीसीएचएयू और तंजानिया के कृषि विश्वविद्यालय के बीच हुआ अनुबंध

चर्चा में क्यों?

13 जुलाई, 2023 को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएचएयू) के एक प्रवक्ता ने बताया कि सीसीएचएयू और पूर्वी अफ्रीका के तंजानिया के मोरोगोरो स्थित सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय के बीच कृषि में अनुसंधानों व नवाचारों को बढ़ावा देने के लिये एक अनुबंध हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- सीसीएचएयू व कृषि महाविद्यालय और तंजानिया के सोकोइन कृषि विश्वविद्यालय की ओर से वहाँ के कुलपति प्रो. रापहयिल.टी. चबिंडा ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किये।
- इस एमओयू के अनुसार सीसीएचएयू के वैज्ञानिक, शोधार्थी व विद्यार्थी मिलकर नवीन अनुसंधानों की सहायता से किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।
- सीसीएचएयू की उन्नत कृषि तकनीकों व नवाचारों का तंजानिया के किसानों को भी लाभ मिलेगा। एचएयू की प्रौद्योगिकी से तंजानिया के किसान कृषि उत्पादन बढ़ाकर व नए स्टार्टअप तैयार कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगे।
- सीसीएचएयू के वैज्ञानिक कृषि की व्यवसायिक व नई तकनीकों के संबंध में प्रशिक्षण देंगे, जिससे कि तंजानिया और भारत में कृषि इंजीनियरिंग में संकाय का आदान-प्रदान, प्रशिक्षण, अनुसंधान और कृषि विस्तार गतिविधियों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।
- दोनों विश्वविद्यालय सेमिनार, सम्मेलनों में हिस्सा लेंगे और एक-दूसरे का सहयोग करेंगे।
- विदित है कि इस समय तंजानिया के शहर दार-ए-सालाम में 47वाँ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला चल रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशन में हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल तंजानिया में व्यापार एवं शिक्षा के अवसर तलाशने व उन्हें बढ़ावा देने के लिये दौरे पर है।
- 50 सदस्यीय इस प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा सरकार के उच्चाधिकारी, व्यापारी एवं चार विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं अधिकारीगण शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-signed-between-cchau-and-agricultural-university-of-tanzania